फोटो | संदीप नाग

12 साल इंतजार के बाद आईआईएम का अपना कैंपस, मार्च से लगेगी क्लास

आदिल हसन | रांची

एक दशक से सूचना भवन में चल रहे आईआईएम रांची की कक्षाएं अब नयासराय स्थित नए कैंपस में चलेंगी। आईआईएम रांची के पहले चरण का काम लगभग पूरा हो चुका है। अगले माह मार्च से नए कैंपस में स्टूडेंट्स मैनेजमेंट की क्लास करेंगे।

दरअसल, पिछले साल फरवरी में ही पहले चरण का काम पूरा हो जाना था, लेकिन कोविड महामारी के कारण इसमें देरी हुई। पहले चरण के कार्य में करीब 350 करोड़ रुपए खर्च कर 61800 वर्ग मीटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। नए कैंपस के लिए राज्य सरकार ने करीब 55 एकड़ जमीन आईआईएम को दी है।

सूचना भवन में चल रही है क्लास... आईआईएम रांची के पहले चरण का काम लगभग पूरा हो चुका है

ऑडियो-वीडियो सुविधा से लैस ऑडिटोरियम

पिछले साल ही करीब 650 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी कर चुके हैं। मॉर्डन आईटी तकनीक और ऑडियो-वीडियो सुविधा से लैस यह सभागार 40,000 वर्गफुट में फैले हु आ है। इस ऑडिटोरियम का निर्माण 13.56 करोड़ की लागत से हुआ है।

684 कमरे विद्यार्थियों के लिए बने हैं

नए कैंपस में करीब 684 कमरों का हॉस्टल विद्यार्थियों के लिए बनकर लगभग तैयार है। 3000 वर्ग मीटर में फैकल्टी के लिए 40 हाउस बन रहे हैं। इसके अलावा एडमिनेस्ट्रेटिव बिल्डिंग 3000 वर्गमीटर, स्टूडेंट्स डाइनिंग हॉल 2000 वर्गमीटर, कंप्यूटर लैब 6000 वर्गमीटर, 8000 वर्गमीटर में सब स्टेशन बन रहा है।

कोविड के कारण देरी हुई

पिछले साल ही नए कैंपस के फेज-वन का निर्माण पूरा हो जाना था, लेकिन कोविड के कारण इसमें देरी हुई। वर्तमान में लगभग काम पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि मार्च से नए कैंपस में कक्षाएं शुरू हो जाएंगी।

प्रो. शैलेंद्र सिंह, डायरेक्टर, आईआईएम रांची

क्या-क्या बन रहा है

61,800 वर्गमीटर में निर्माण कार्य हो रहा है

40,000 वर्गफुट में ऑडिटोरियम बना है

18,000 वर्गमीटर में हॉस्टल बनकर तैयार है

6,000 वर्गमीटर में लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब बन रहा है, **8,000** वर्गमीटर में सब स्टेशन का निर्माण हो रहा है

13.56 करोड़ की लागत बना है ऑडिटोरियम

350 करोड़ खर्च हुए पहले चरण के कार्य में

Dainik Bhaskar_09.02.2022_ Pg. 02